INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

सत्यमेव जयते

BPSC



LATEST EDITION

## HINDI MEDIUM

Golden Edition

HANDWRITTEN NOTES

# BPSC

## (PRE+MAINS)

**ACHIEVE YOUR DREAM THROUGH SELF STUDY WITH INFUSION NOTES**

BASED ON NEW EXAM PATTERN

## PART-2 भारत और बिहार की राजव्यवस्था

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# BPSC

## PRE + MAINS

BIHAR PUBLIC SERVICE COMMISSION

भाग – 2

## भारत और बिहार की राजव्यवस्था

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**BPSC (Bihar Public Service Commission) (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **बिहार लोक सेवा आयोग (RPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**संयुक्त राज्य / अपर अधीनस्थ सेवा (PCS)**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**Whatsapp करें - https://wa.link/gubxrj**

**Online Order करें - https://bit.ly/42ANSs2**



**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम (2023)**

| भारतीय राजव्यवस्था | | |
|---|---|---|
| 1. | संविधान निर्माण<br>• राजव्यवस्था का परिचय<br>• संवैधानिक योजना की तुलना<br>• ऐतिहासिक पृष्ठभूमि | 1 |
| 2. | भारतीय संविधान की विशेषताएं<br>• संविधान के विस्तृत होनें के कारण<br>• संविधान के स्रोत | 14 |
| 3. | संविधान संशोधन<br>• संशोधन की प्रक्रिया<br>• संशोधन प्रक्रिया की आलोचना<br>• प्रमुख संशोधन | 22 |
| 4. | उद्देशिका (प्रस्तावना)<br>• प्रस्तावना के मुख्य शब्द<br>• राज्य के उद्देश्य<br>• प्रस्तावना का महत्त्व | 34 |
| 5. | मौलिक अधिकार<br>• मौलिक अधिकारों की विशेषताएं<br>• मौलिक अधिकारों की आलोचना<br>• मूल अधिकार | 44 |
| 6. | नीति निदेशक तत्व<br>• नीति निदेशक तत्व की विशेषताएँ<br>• निदेशक तत्वों का वर्गीकरण<br>• नीति निदेशक तत्वों की आलोचना | 59 |
| 7. | मूल कर्तव्य<br>• मूल कर्तव्यों का संक्षिप्त विवरण<br>• मूल कर्तव्यों की विशेषताएं | 67 |

| | | |
|---|---|---|
| | • मूल कर्तव्यों हेतु नवीन संदर्भ | |
| 8. | राष्ट्रपति<br>• योग्यता, निर्वाचन व पद की शर्तें<br>• कार्यकरी शक्तियाँ<br>• वीटो पावर<br>• राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति<br>• उपराष्ट्रपति | 75 |
| 9. | प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद<br>• प्रधानमंत्री की शक्तियाँ और कार्य<br>• मंत्रिपरिषद की नियुक्ति और कार्यकाल<br>• मंत्रिपरिषद की संरचना<br>• भूमिका कार्य एवं शक्तियाँ | 104 |
| 10. | संसद<br>• संघीय विधानमंडल<br>• लोकसभा<br>• राज्यसभा<br>• संसदीय समितियां | 114 |
| 11. | केंद्र-राज्य सम्बन्ध | 132 |
| 12. | उच्चतम न्यायालय और न्यायिक पुनरावलोकन | 135 |
| 13. | केंद्र सरकार के विभिन्न आयोग<br>• निर्वाचन आयोग<br>• नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक<br>• नीति आयोग<br>• केन्द्रीय सतर्कता आयोग<br>• संघ लोक सेवा आयोग<br>• लोकपाल<br>• केंद्रीय सूचना आयोग | 153 |

| | | |
|---|---|---|
| | • राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | |
| 14. | भारत में लोकतान्त्रिक राजनीति<br>• राजनैतिक दलों की भूमिका<br>• भारत में दलीय व्यवस्था<br>• दल परिवर्तन कानून | 189 |
| 15. | गठबंधन सरकारें<br>• भूमिका<br>• भारत पृष्ठ भूमि में गठबंधन सरकार | 195 |
| 16. | राष्ट्रीय एकीकरण | 201 |
| 17. | सम्पूर्ण अनुच्छेद | 215 |
| 18. | राजनैतिक गत्यात्मकताएं<br>• भारतीय राजनीति में वर्ग की भूमिका<br>• राजनीतिक आंदोलन<br>• सुरक्षा के मुद्दे<br>• जिला प्रशासन<br>• स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज संस्थाएँ<br>• लोकनीति | 229 |
| | विश्व राजनीति | |
| 1. | शीत युद्धोत्तर दौर में उदीयमान विश्व-व्यवस्था<br>• शीत युद्ध के उदय के कारण<br>• शीत युद्ध का विकास<br>• भारत और शीत युद्ध-<br>• संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्चस्व एवं इसका प्रतिशोध | 255 |
| 2. | भारत की विदेश नीति<br>• भारत की विदेश नीति का विकास<br>• भारत के साथ पड़ोसी देशों का संबंध | 268 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भारत और यूरोपीय संघ के संबंध<br>• संयुक्त राष्ट्र संघ<br>• भारत की गुटनिरपेक्ष नीति | |
| 3. | दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया एवं सुदूर पूर्व में भू-राजनीतिक | 303 |
| | बिहार की राजव्यवस्था | |
| 1. | राजनीतिक व्यवस्था | 306 |
| 2. | राज्यपाल | 308 |
| 3. | बिहार विधानसभा | 312 |
| 4. | विधानपरिषद | 314 |
| 5. | मंत्रिपरिषद | 318 |
| 6. | महाधिवक्ता | 323 |
| 7. | लोकायुक्त | 324 |
| 8. | बिहार में प्रमुख आयोग, न्यायपालिका | 325 |
| 9. | प्रशासनिक व्यवस्था | 331 |
| 10. | स्थानीय स्वशासन | 334 |


INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# भारतीय राज व्यवस्था

## अध्याय – I

## संविधान निर्माण

### राजव्यवस्था का परिचय

### राज्य, राज्य के तत्व तथा राजनीतिक व्यवस्था की आवश्यकता :-

- राज्य शब्द का प्रयोग यू तो विभिन्न प्रांतों जैसे उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु आदि को सूचित करने के लिए भी होता है किंतु इसका वास्तविक अर्थ **किसी प्रांत से ना होकर किसी समाज की राजनीतिक संरचना से होता है |**
- वस्तुतः यह एक अमूर्त अवधारणा है अर्थात् इसे बौद्धिक स्तर पर समझा तो जा सकता है किंतु देखा नहीं जा सकता |
- उदाहरण के लिए भारत की सरकार संसद न्यायपालिका राज्यों की सरकारें नौकरशाही से जुड़े सभी अधिकारी इत्यादि की समग्र संरचना ही राज्य कहलाती है |

**राज्य के तत्व** :-

(1). भू-भाग (2). जनसंख्या (3). सरकार (4). संप्रभुता

**(1). भू-भाग** :- अर्थात् एक ऐसा **निश्चित भौगोलिक प्रदेश** होना चाहिए,जिस पर उस राज्य की सरकार अपनी राजनीति क्रियाएँ करती हों | उदाहरण के लिए भारत का संपूर्ण क्षेत्रफल भारत राज्य का भौगोलिक आधार या भू-भाग है |

**(2). जनसंख्या** :- राज्य होने की शर्त है कि उसके भू-भाग पर **निवास करने वाला एक ऐसा जनसमूह होना चाहिए,** जो राजनीतिक व्यवस्था के अनुसार संचालित होता हों | यदि जनसंख्या ही नहीं होगी तो राज्य का अस्तित्व निरर्थक हो जाएगा|

**(3). सरकार** :- सरकार एक या एक से अधिक व्यक्तियों का वह समूह है **जो व्यावहारिक स्तर पर राजनीतिक शक्ति का प्रयोग करता है |** 'राज्य' और 'सरकार' में यही अंतर है कि **राज्य एक अमूर्त संरचना है** जबकि **सरकार** उसकी **मूर्त व व्यावहारिक अभिव्यक्ति** |

**(4). संप्रभुता या प्रभुसत्ता** :- यह राज्य का अत्यंत महत्त्वपूर्ण तत्व है | इसका अर्थ है कि राज्य के पास अर्थात् उसकी सरकार के पास अपने भू-भाग और जनसंख्या **की सीमाओं के भीतर कोई भी निर्णय करने की पूरी शक्ति होनी चाहिए तथा** उसे किसी भी बाहरी और भीतरी दबाव में निर्णय करने के लिए बाध्य नहीं होना चाहिए |

राज्य के यह चारों तत्व अनिवार्य है, वैकल्पिक नहीं| यदि इनमें से एक भी अनुपस्थित हो तो राज्य की अवधारणा निरर्थक हो जाती है |

**शासन के अंग**

**(1). विधायिका** (अर्थात् कानून बनाने वाली संस्था)

**(2). कार्यपालिका** (अर्थात् कानूनों के अनुसार शासन चलाने वाली संस्था)

**(3). न्यायपालिका** (अर्थात् कानूनों के अनुसार विवादों का समाधान करने वाली संस्था)

**शासन के तीनों अंगों में संबंध** :-

- किसी देश की राजव्यवस्था को समझने के लिए यह जानना भी जरूरी होता है कि वहाँ शासन के तीनों अंगों में कैसा संबंध है? मोटे तौर पर यह संबंध निम्न प्रकार का हो सकता है -
- कहीं-कहीं यह तीनों अंग परस्पर जुड़े होते हैं उदाहरण के लिए राज्य तंत्र में विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका तीनों का सर्वोच्च अधिकारी राजा होता है | अधिनायक तंत्र/तानाशाही तथा धर्म तंत्र में भी ऐसी ही व्यवस्था देखी जाती है यह लक्षण किसी राजव्यवस्था के पारंपरिक तथा गैर-लोकतांत्रिक होने की ओर इशारा करता है |
- कुछ देशों में **विधायिका और कार्यपालिका में नजदीक का संबंध होता** है, जबकि **न्यायपालिका इनसे अलग होती** है | यह व्यवस्था **संसदीय प्रणाली वाले देशों** में दिखाई पड़ती है | इनमें कार्यपालिका,विधायिका का ही अंग होती है जबकि कार्यपालिका इन दोनों से पृथक और स्वतंत्र होती है | **भारत और ब्रिटेन** को मोटे तौर पर इसके कारण के रूप में देखा जा सकता है |

- ***अमेरिका*** *जैसे देशों में यह संबंध कुछ अलग है। वहां यह* ***तीनों अंग एक दूसरे से पृथक होते हैं।*** *इसे* ***"शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत"*** *कहते हैं। कार्यपालिका के प्रमुख अर्थात् राष्ट्रपति का चुनाव जनसाधारण द्वारा निर्वाचित निर्वाचक-गण के माध्यम से होता है। विधायिका के दोनों सदनों का चुनाव जनता अलग अलग तरीके से करती है। न्यायपालिका के पदाधिकारियों का चयन राष्ट्रपति करता है परन्तु इसके लिए उसे सीनेट के समर्थन की जरूरत पड़ती है। इस प्रकार शासन के तीनों अंग एक-दूसरे की शक्तियों का निर्वाहन करते हैं और इसके लिए संविधान में कई विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। इस सिद्धांत को "****नियंत्रण व संतुलन का सिद्धांत****" कहते हैं।*
- *जहां तक भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का प्रश्न है इसमें शासन के तीनों अंगों का संबंध ना तो पूरी तरह अमेरिका जैसा है और ना ही इंग्लैंड जैसा है। भारत में ब्रिटेन की तरह कार्यपालिका विधायिका से ही बनती है क्योंकि भारत में संसदीय प्रणाली को अपनाया गया है। इसके बावजूद भारतीय संसद ब्रिटिश संसद की तरह इतनी ताकतवर नहीं है कि उसके ऊपर सीमाएं आरोपित ना की जा सकें।* ***भारतीय न्यायपालिका*** *को अमेरिकी न्यायपालिका की तरह यह शक्ति प्राप्त है कि वह संसद द्वारा पारित कानून का* ***न्यायिक अवलोकन*** *कर सके और यदि वह कानून संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध है तो उसे समाप्त कर सकें।*

***<u>शासन प्रणालियों के विभिन्न प्रकार</u>***

***<u>प्रकार -1</u>***

*राजनीतिक व्यवस्था दुनिया के हर समाज में हमेशा रही है, किंतु सरकार या शासन प्रणालियों की संरचना हमेशा एक समान नहीं रही है। शासन प्रणालियों के विभिन्न रूप देखे जा सकते हैं।*

***<u>प्रकार -2</u>***

*शासन प्रणाली का वर्गीकरण कुछ अन्य दृष्टि-कोणों से भी किया जा सकता है। दो प्रमुख आधार निम्नलिखित हैं :-*

***(1). केंद्र और प्रांतों के संबंधों के आधार पर :-***
***(a). परिसंघात्मक प्रणाली***
***(b). संघात्मक प्रणाली***
***(c). एकात्मक प्रणाली***

***(2). विधायिका तथा कार्यपालिका के संबंधों के आधार पर :-***
***(a). संसदीय प्रणाली***
***(b). अध्यक्षीय प्रणाली***

***<u>भारत की प्रणाली</u> :-***

*भारतीय संविधान निर्माता इस प्रश्न को लेकर अत्यंत सजग थे कि भारत के लिए अध्यक्षीय प्रणाली बेहतर होगी या संसदीय प्रणाली? काफी सोच विचार के बाद उन्होंने* ***संसदीय प्रणाली को चुना*** *जिसके दो प्रमुख कारण थे - प्रथम,भारतीय जनता को ब्रिटिश शासन के तहत संसदीय प्रणाली का पर्याप्त अनुभव हो चुका था तथा द्वितीय,* ***भारत में विद्यमान क्षेत्रीय,सामाजिक तथा धार्मिक वैविध्य*** *को देखते हुए संसदीय प्रणाली ज्यादा बेहतर प्रतीत हो रही थी।*

*1990 के दशक में जो राजनीतिक अस्थिरता की समस्या केंद्रीय स्तर पर उत्पन्न हुई उस समय कुछ लोगों ने यह कहा कि अध्यक्षीय प्रणाली को स्वीकार कर लिया जाना चाहिए,किंतु अस्थिरता की समस्या का धीरे-धीरे समाधान हो गया और आज यह मानने में कोई समस्या नहीं है*

***कि भारतीय समाज की विशिष्ट जरूरतों की पूर्ति के लिए संसदीय प्रणाली का ही चयन किया जाना उपयुक्त था।***

- ***<u>परीक्षोपयोगी महत्त्वपूर्ण तथ्य</u>***
- *भू-भाग, जनसंख्या, सरकार तथा संप्रभुता राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।*
- *विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका प्रायः सभी देशों में शासन के प्रमुख अंग हैं।*
- *शासक समूह में शामिल व्यक्तियों के संख्या के आधार पर राजतंत्र/तानाशाही, अल्पतंत्र/गुट तंत्र तथा लोकतंत्र प्रमुख शासन प्रणाली हैं।*
- *विधायिका तथा कार्यपालिका के संबंधों के आधार पर संसदीय तथा अध्यक्षीय प्रणाली शासन के प्रमुख प्रकार हैं।*
- *परिसंघात्मक शासन प्रणाली को* ***'अविनाशी राज्यों का विनाशी संगठन'*** ***कहा जाता है।***

- संघात्मक शासन प्रणाली को **'अविनाशी राज्यों का अविनाशी संगठन'** कहा जाता है | संघात्मक से तात्पर्य है राज्यों का केन्द्र से अधिक शक्तिशाली होना।
- **एकात्मक प्रणाली** को **'विनाशी राज्यों का अविनाशी संगठन'** कहा जाता है |
- संसदीय प्रणाली में विधायिका सामान्यतः **निम्न सदन** तथा **उच्च सदन** में विभाजित रहती है |
- संसदीय प्रणाली में राष्ट्रपति या राज्याध्यक्ष / राष्ट्र अध्यक्ष की भूमिका सामान्यतः प्रतीकात्मक होती है, वास्तविक रुप से शासन पर उनका कोई विशेष प्रभाव नहीं होता |

### भारतीय संवैधानिक योजना की अन्य प्रमुख लोकतांत्रिक देशों के साथ तुलना :-

### ब्रिटिश संवैधानिक योजना :-

- ब्रिटिश शासन प्रणाली **"संवैधानिक राजतंत्र"** पर आधारित है | 1688 ई. से पहले ब्रिटेन में राजतंत्र चलता था, किंतु 1688 ई. में हुई गौरवमयी क्रांति ने राजतंत्र को हटाकर संवैधानिक राजतंत्र की स्थापना कर दी | इसका अर्थ है कि आजकल ब्रिटेन में राजा के पास नाम मात्र की शक्ति है,जबकि वास्तविक शक्तियाँ संविधान के अंतर्गत काम करने वाली संस्थाओं जैसे संसद के पास आ गई हैं |
- ब्रिटेन का **लोकतंत्र संसदीय प्रणाली** पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि **कार्यपालिका का गठन विधायिका अर्थात् ब्रिटिश संसद के सदस्यों में से ही होता** है | चूँकि संसदीय व्यवस्था का जन्म ब्रिटिश संसद से ही हुआ था इसलिए **संसदीय प्रणाली** को **वेस्टमिंस्टर प्रणाली** भी कहा जाता है | ध्यातव्य है कि 'वेस्टमिंस्टर' लंदन का वह स्थान है,जहां ब्रिटिश संसद भवन स्थित है |
- ब्रिटेन का संविधान अलिखित संविधान है, इसका अर्थ यह है कि यहाँ औपचारिक रूप से गठित किसी संविधान सभा ने कोई ऐसा अकेला दस्तावेज तैयार नहीं किया है,जिसे ब्रिटिश संविधान की संज्ञा दी जा सके |
- ब्रिटेन की संसद अत्यधिक शक्तिशाली है जिसका मूल कारण संविधान का अलिखित होना है | क्योंकि संविधान संसद की शक्तियों पर कोई नियंत्रण लागू नहीं करता, इसलिए **ब्रिटेन की संसद विधि निर्माण की साधारण प्रक्रिया से ही संविधान को बदल सकती हैं |** यही कारण है कि ब्रिटिश संविधान को सुनम्य या लचीला संविधान भी कहा जाता है |
- ब्रिटेन की शासन प्रणाली **एकात्मक** है, संघात्मक नहीं | एकात्मक शासन का अर्थ है कि स्थानीय शासन की इकाइयों को कानून बनाने का स्वतंत्र अधिकार नहीं है उन्हें ब्रिटिश संसद द्वारा निर्मित कानूनों के अनुसार ही कार्य करना होता है |
- ब्रिटिश संसद के **दो सदन** है :- **कॉमन्स सभा तथा लॉर्ड्स सभा** | कॉमन्स सभा को निचला सदन भी कहा जाता है और लॉर्ड्स सभा को उच्च सदन कहते हैं |
- ब्रिटिश कार्यपालिका एक मंत्रीपरिषद् के अधीन काम करती है जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है|
- ध्यातव्य है कि सामान्यतः लॉर्ड्स सभा के सदस्य राजनीति में भाग नहीं ले सकते | ऐसे बहुत कम उदाहरण हुए हैं वहां लॉर्ड्स सभा के सदस्यों ने राजनीतिक पद संभाले हैं |
- इंग्लैंड की न्यायपालिका सामान्यतः कार्यपालिका और विधायिका के हस्तक्षेप से मुक्त है | हालांकि संसदीय प्रणाली के अंतर्गत वहां शक्तियों के पृथक्करण की वैसी गुंजाइश नहीं है, जैसी संयुक्त राज्य अमेरिका में | इस दृष्टि से भी ब्रिटिश संसद न्यायपालिका से बहुत अधिक शक्तिशाली है |
- **2010 में इंग्लैंड में सर्वोच्च न्यायालय का गठन किया गया** है, जिसमें **1अध्यक्ष, 1उपाध्यक्ष तथा 10 अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति** का प्रावधान है | वस्तुतः यह 12 न्यायाधीश 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के विधि लॉर्ड्स ही है | इसलिए इस परिवर्तन से कोई संरचनागत परिवर्तन नहीं हुआ है, अंतर सिर्फ इतना आया है कि अब इंग्लैंड के पास औपचारिक रूप से एक सर्वोच्च न्यायालय हो गया है |
- इंग्लैंड की न्यायपालिका के संबंध में यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि यह 'विधि द्वारा **स्थापित प्रक्रिया' के सिद्धांत के अनुसार कार्य करती है,** ना कि 'यथोचित विधि प्रक्रिया' के अनुसार |

### अमेरिका की संवैधानिक योजना :-

अमेरिकी राजनीतिक संरचना को निम्न बिंदुओं से समझा जा सकता है :-

- **संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान संघात्मक है|** ध्यातव्य है कि स्वाधीनता प्राप्ति के बाद 13 स्वतंत्र राज्यों के समझौते के रूप में इस संविधान

| | |
|---|---|
| सी. एच. भाभा | - वाणिज्य |
| रफी अहमद किदवई | - संचार |
| डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | - उद्योग एवं आपूर्ति |
| वी. एन. गाडगिल | - कार्य, खान एवं ऊर्जा |

## संविधान सभा

- भारत में **संविधान सभा** के गठन का विचार वर्ष **1934 में पहली बार एम० एन. रॉय ने रखा ।**
- 1935 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पहली बार भारत के संविधान निर्माण के लिए आधिकारिक रूप से संविधान सभा के गठन की मांग की ।
- 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने घोषणा की स्वतंत्र भारत के **संविधान का निर्माण वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी गई संविधान सभा द्वारा किया जायेगा** । नेहरू की इस मांग को ब्रिटिश सरकार ने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया। इसे **1940 के अगस्त प्रस्ताव** के रूप में जाना जाता है।
- **क्रिप्स मिशन 1942 में भारत** आया ।

## क्रिप्स मिशन

- लॉर्ड **सर पैथिक लारेंस** (अध्यक्ष)
- ए. वी. अलेक्जेंडर
- सर स्टेफोर्ड क्रिप्स
- कैबिनेट मिशन द्वारा प्रस्तुत किए गए सुझावों के अनुसार **नवंबर 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ** । मिशन की योजना के अनुसार संविधान सभा का स्वरूप निम्नलिखित प्रकार का होना था –
- सविधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या 389 होनी थी | इनमें से 296 सीटें ब्रिटिश भारत के प्रांतों को और 93 सीटें देसी रियासतों को दी जानी थी |
- हर ब्रिटिश प्रांत एवं देसी रियासत को उसकी जनसंख्या के अनुपात में सीटें दी जानी थी । आमतौर पर प्रत्येक 10 लाख लोगों पर एक सीट का आवंटन होना था |
- प्रत्येक ब्रिटिश प्रांत को दी गई सीटों का निर्धारण तीन प्रमुख समुदायों के मध्य उनकी जनसंख्या के अनुपात में किया जाना था | यह तीन समुदाय थे :- मुस्लिम, सिख व सामान्य ( मुस्लिम और सिख को छोड़कर ) |
- प्रत्येक समुदाय के प्रतिनिधियों का चुनाव प्रांतीय असेंबली में उस समुदाय के **सदस्यों द्वारा एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था** के अनुसार किया जाना था |
- देसी रियासतों के प्रतिनिधियों का चयन चुनाव द्वारा नहीं, बल्कि रियासत के प्रमुखो द्वारा किया जाना था |

स्पष्ट है कि संविधान सभा आंशिक रूप से चुनी हुई और आंशिक रूप से निम्नांकित सभा थी | उपरोक्त योजना के अनुसार ब्रिटिश भारत के लिए आवंटित 296 सीटों के लिए चुनाव जुलाई-अगस्त 1946 में संपन्न हुए | इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 208, मुस्लिम लीग को 73 तथा छोटे दलों व निर्दलीय सदस्यों को 15 सीटें मिली | देसी रियासतों को आवंटित की गई 93 सीटें नहीं भर पाए क्योंकि उन्होंने खुद को संविधान सभा से अलग रखने का निर्णय ले लिया था | आक्षेप किया जा सकता है कि संविधान सभा का चुनाव भारत के वयस्क मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नहीं हुआ था | तब भी यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि इसमें प्रत्येक समुदाय :- हिंदू, मुस्लिम, सिख, पारसी, आंग्ल भारतीय, भारतीय ईसाई, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों को स्थान प्राप्त हुआ था | इसमें पुरुषों के साथ पर्याप्त संख्या में महिलाएँ भी थी | महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना को छोड़ दे तो सभा में उस समय के भारत के सभी प्रसिद्ध व्यक्तित्व शामिल थे|

**निर्वाचन पद्धति** :- एकल संक्रमणीय वयस्क मताधिकार पद्धति

कुल सदस्य
↓

ब्रिटिश भारत (296 निर्वाचित ) — देशी रियासत (93 सीट ) (मनोनीत सदस्य )

ब्रिटिश भारत (296 निर्वाचित ):
- 292 प्रांतों से
- उच्च आयोगीय प्रांत (4 सीट )
  - दिल्ली
  - अजमेर मेरवाड़ा
  - कुर्ग
  - बलुचिस्तान

देशी रियासत (93 सीट ) (मनोनीत सदस्य ):
- जयपुर - 3 सदस्य
- जोधपुर - 2 सदस्य
- उदयपुर - 2 सदस्य
- बीकानेर - 1 सदस्य
- कोटा - 1 सदस्य
- अलवर - 1 सदस्य

**उद्देश्य प्रस्ताव :-**

**संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946** को वर्तमान संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई | मुस्लिम लीग ने इस बैठक का बहिष्कार किया और अलग पाकिस्तान की मांग उठाई | सभा के सबसे **वरिष्ठ सदस्य डॉ सच्चिदानंद सिन्हा** को सभा का **अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया | 2 दिन** पश्चात **11 दिसंबर 1946 को डॉ राजेंद्र प्रसाद को** सभा का **स्थाई अध्यक्ष बनाया** गया, जो 22 जनवरी 1947 को संविधान सभा द्वारा स्वीकृत किया गया | संक्षेप में इस प्रस्ताव की मुख्य बातें निम्नलिखित थी :-

- भारत को एक स्वतंत्र तथा संप्रभु गणराज्य के रूप में स्थापित किया जाए |
- भारत की संप्रभुता का स्रोत भारत की जनता होगी|
- इस गणराज्य में भारत के समस्त नागरिकों को राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक समानता प्राप्त होगी|
- भारत के समस्त नागरिक को विचार, अभिव्यक्ति,संस्था बनाने,कोई व्यवसाय करने,किसी भी धर्म को मानने या न मानने कि स्वतंत्रता होगी|
- अल्पसंख्यकों,अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के हितों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपाय किए जाएंगे |
- देश की एकता को स्थायित्व प्रदान किया जाएगा |
- भारत की प्राचीन सभ्यता को उसका उचित स्थान व अधिकार दिलाया जाएगा तथा विश्व शांति व मानव कल्याण में उसका योगदान सुनिश्चित किया जाएगा|

इस प्रकार उद्देश्य प्रस्ताव उन भावनाओं व इच्छाओं का सूचक था, जिसकी उपलब्धि के लिए भारतवासी पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहे थे | यही उद्देश्य प्रस्ताव संविधान की 'प्रस्तावना' का आधार बना और इसी ने संपूर्ण संविधान के दर्शन को मूर्त रूप प्रदान किया |

संविधान सभा की बैठक में 211 सदस्यों ने भाग लिया था |

संघ की एकता को अक्षुण्ण बनाये रखा जायेगा तथा इसके भू-क्षेत्र, समुद्र एवं वायु क्षेत्र को सभ्य देश के न्याय एवं विधि के अनुरूप सुरक्षा प्रदान की जायेगी|

**Note :-** संविधान सभा एक विधायिका के रूप में कार्य करती थी इनमें से एक था - स्वतंत्र भारत के लिए संविधान बनाना और दूसरा था, देश के लिए आम कानून लागू बनाना | इस प्रकार संविधान सभा स्वतंत्र भारत की पहली संसद बनी|

जब सभा की बैठक बतौर विधायिका होती तब इसकी अध्यक्षता जी. वी. मावलंकर तथा जब सभा की बैठक संविधान सभा के रूप में होती तो इसकी अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद करते थे। संविधान सभा 26 नवंबर, 1949 तक इन दोनों रूपों में कार्य करती रही|

**संविधान सभा की कार्य प्रणाली**

अस्थायी अध्यक्ष - सच्चिदानन्द सिन्हा
अध्यक्ष - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
उपाध्यक्ष - डॉ. एच. सी मुखर्जी, वी.टी. कृष्णामाचारी

- 13 दिसम्बर 1946 को जवाहरलाल नेहरू ने संविधन सभा में उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया|

**संविधान सभा के अन्य कार्य**

- मई 1949 में राष्ट्रमंडल में भारत की सदस्यता |
- 22 जुलाई 1947 को राष्ट्रीय ध्वज को अपनाया |
- 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगान को अपनाया |
- 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत को अपनाया |

- **24 जनवरी 1950 को राजेन्द्र प्रसाद को भारत के पहले राष्ट्रपति चुनना ।**
- 2वर्ष 11 माह 18 दिन में कुल 11 बैठके हुई, लगभग 60 देशों का संविधान का अवलोकन, इसके प्रारूप पर 114 दिन तक विचार हुआ कुल खर्च 64 लाख रुपया आया ।
- 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा की अन्तिम बैठक हुई।

**संविधान सभा की समितियां**

| | |
|---|---|
| संघ शक्ति समिति | - पं . जवाहरलाल नेहरू |
| संघीय संविधान समिति | - पं जवाहरलाल नेहरू |
| प्रांतीय संविधान समिति | - सरदार वल्लभ भाई पटेल |
| प्रारूप समिति | - डॉ. बी. आर. अंबेडकर |
| मौलिक अधिकारी, अल्पसंख्यको एवं जनजातियों तथा बहिष्कृत क्षेत्रो के लिए सलाहकार समिति | - सरदार पटेल |
| प्रक्रिया नियम समिति | - डॉ. राजेंद्र प्रसाद |
| राज्यों के लिए समिति | - जवाहरलाल नेहरु |
| संचालन समिति | - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |

**प्रारूप समिति**

अंबेडकर (अध्यक्ष)
एन गोपालस्वामी आयंगार
अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर
डॉ. के.एम मुंशी
सैय्यद मोहमद सादुल्ला
एन. माधव राव ( बी. एल. मित्रा की जगह )
टी.टी. कृष्णामाचारी (डी.पी खेतान की जगह)

प्रारूप समिति का गठन - 29 अगस्त 1947 नए संविधान का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

डॉ. B. R. अम्बेडर मे 'द कॉन्सटिट्यूशन एज सैटल्ड बाई द असेंबली बी पास्ड' प्रस्ताव पेश किया। संविधान के प्रारूप पर पेश इस प्रस्ताव को 26 नवंबर, 1949 को पारित घोषित कर दिया गया, और इस अध्यक्ष व सदस्यों के हस्ताक्षर लिए गए।

संविधान की प्रस्तावना में 26 नवंबर, 1949 का उल्लेख उस दिन के रूप में किया गया है जिस दिन भारत के लोगों ने सभा में संविधान को अपनाया, लागू किया व स्वयं की संविधान सौंपा ।

नए विधि मंत्री डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने सभा में संविधान के प्रारूप को रखा।

डॉ. बी. आर. अंबेडकर को 'संविधान के पिता 'के रूप में पहचाना जाता है, इस महान लेखक संविधान विशेषज्ञ, अनुसूचित जातियों के निर्विवाद नेता और भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पकार को "आधुनिक मनु की संज्ञा ' भी दी जाती है।

- 4 नवम्बर 1948 को अंबेडकर ने सभा में संविधान का अन्तिम प्रारूप पेश किया गया । इस बार संविधान पहली बार पढ़ा गया ।
- संविधान सभा के 299 सदस्यों में से 284 लोगों ने संविधान पर हस्ताक्षर किया।
- **26 नवम्बर 1949 को अपनाए गये संविधान में प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद व 8 अनुसुचियां थी।**

**संविधान सभा में समुदाय आधारित प्रतिनिधित्व**

1. हिन्दू = (163)
2. मुस्लिम = (80)
3. अनुसूचित जाति = (31)
4. भारतीय ईसाई = (6)
5. पिछड़ी जनजातियां = (6)
6. सिख = (4)
7. एंग्लो इंडियन = (3)
8. पारसी = (3)

**भारत की संविधान सभा में राज्यवार सदस्यता**

| | | |
|---|---|---|
| मद्रास | = | (49) |
| बॉम्बे (मुंबई) | = | (21) |
| पश्चिम बंगाल | = | (19) |
| संयुक्त प्रांत | = | (55) |
| पूर्वी पंजाब | = | (12) |
| बिहार | = | (36) |
| मध्य प्रांत एवं बेरार | = | (17) |
| असम | = | (8) |

- यह भारत में उच्च नागरिक सेवाओं (1923-24) पर ली आयोग की सिफारिशों पर किया गया।
- भारतीय स्वतंत्रता अध्यादेश को ब्रिटिश संसद में 4 जुलाई 1947 को पेश किया गया और 18 जुलाई 1947 को इसे राजशाही की संस्तुति मिली।
- यह अधिनियम 15 अगस्त 1947 से लागू हुआ।
- दो राज्यों के बीच सीमाओं का निर्धारण रेडक्लिक की अध्यक्षता वाले सीमा आयोग ने किया। पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान, पूर्वी बंगाल, उत्तर-पश्चिमी सीमांत क्षेत्र एवं असम का सिलहट जिला शामिल किया।
- ब्रिटिश सरकार के 3 जून 1947 के बयान का राजनीतिक परिणाम यह हुआ कि जनमत संग्रह का पालन करके उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत और बलूचिस्तान पाकिस्तानी राज्य के भू-भाग का हिस्सा बन गए और नतीजन इस क्षेत्र के जनजातीय इलाके इसी राज्य या शासन के अंतर्गत आ गए ।

## अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न :-

1. भारत में ब्रिटिश शासन काल की अवधि में बनाए गए निम्न अधिनियमों में से निक्षेपण अधिनियम' के नाम से जाना जाता है?
   A. भारत शासन अधिनियम, 1919
   B. भारत परिषद् अधिनियम, 1909
   C. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892
   D. भारत शासन अधिनियम, 1935

   **उत्तर - A**

2. योग्यता के आधार पर भर्ती का विचार सर्वप्रथम किसमें व्यक्त किया गया था ?
   A. ली आयोग   B. मैकाले समिति
   C. इसलिंगटन   D. मैक्सवेल समिति

   **उत्तर - B**

3. निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है?
   A. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892 : निर्वाचन का सिद्धांत
   B. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909 : उत्तरदायी सरकार
   C. भारत शासन अधिनियम, 1919 : प्रांतीय स्वायत्तता
   D. भारत शासन अधिनियम, 1935 : राज्यों में द्विसदनीय व्यवस्थापिका

   **उत्तर - A**

4. भारत शासन अधिनियम 1935 द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसमें निहित थी?
   A. संघीय व्यवस्थापिका
   B. प्रांतीय व्यवस्थापिका
   C. गवर्नर जनरल
   D. प्रांतीय गवर्नर

   **उत्तर - C**

5. निम्न में से किस अधिनियम के प्रान्तों में आंशिक उत्तरदायी सरकार की स्थापना की गयी ?
   A. भारत शासन अधिनियम, 1919
   B. भारत शासन अधिनियम, 1935
   C. भारत परिषद् अधिनियम,1909
   D. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892

   **उत्तर - A**

6. भारत शासन अधिनियम, 1919 मुख्यतया: किस पर आधारित था?
   A. मार्ले-मिंटो सुधार
   B. मांटेग्यू - चेम्सफोर्ड सुधार
   C. रैमजे मैक्डोनाल्ड अवार्ड
   D. नेहरू रिपोर्ट

   **उत्तर - B**

7. भारत शासन अधिनियम, 1935 की प्रमुख विशेषताएं हैं?
   1. भारत में परिषदों का उन्मूलन
   2. केन्द्र में द्विसदनीय व्यवस्थापिका
   3. राज्यों में द्विसदनीय व्यवस्थापिका का उन्मूलन
   4. संघीय न्यायालय की स्थापना

   A. 2 एवं 3   B. 1, 2, एवं 3

**स्वैच्छिक त्याग** :- एक भारतीय नागरिक जो पूर्ण आयु और क्षमता का हो। ऐसी घोषणा के उपरान्त वह भारत का नागरिक नहीं रहता। अपनी नागरिकता त्याग सकता है। यदि इस तरह की घोषणा तब हो जब भारत युद्ध में व्यस्त हो तो केन्द्र सरकार इसके पंजीकरण को एक तरफ रख सकती हैं। व्यक्ति के साथ प्रत्येक नाबालिक बच्चा भी भारतीय नागरिक नहीं रहता यद्यपि इस तरह के बच्चे की उम्र 18 वर्ष होने पर भारतीय नागरिक बन सकता है।

**बर्खास्तगी के द्वारा :**
यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से किसी अन्य देश की नागरिकता ग्रहण कर ले तो उसको भारतीय नागरिकता स्वयं बर्खास्त हो जायेगी । हालांकि यह व्यवस्था तब लागू नहीं होगी जब भारत युद्ध में व्यस्त हो ।

**वंचित करने द्वारा** :- केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय नागरिक को आवश्यक रूप से बर्खास्त करना होगा यदि

**(i)** यदि नागरिकता फर्जी तरीके से प्राप्त की गयी हो।
**(ii)** यदि नागरिकता के प्रति अनादर जताया हो ।
**(iii)** यदि नागरिक ने युद्ध के दौरान शत्रु के साथ गैर कानूनी रूप से संबंध स्थापित किया हो या उसे कोई राष्ट्रविरोधी सूचना दी हो।
**(iv)** पंजीकरण या प्राकृतिक नागरिकता के पांच वर्ष के दौरान नागरिक को किसी देश में दो वर्ष की कैद हुई हो।
**(v)** नागरिक सामान्य रूप से भारत के बाहर सात वर्षों से रह रहा हो।

**एकल नागरिकता**

- **भारत में एकल नागरिकता है।**
- भारतीय संविधान संघीय है और दोहरी राज पद्धति को अपनाया लेकिन इसमें केवल एकल नागरिकता की व्यवस्था है।
- **लगातार 7 साल बाहर रहने पर नागरिकता समाप्त हो जाती है।**
- नागरिकता प्राप्त करने के लिए शर्तें निर्धारित करने वाला निकाय संसद है।

## अध्याय – 5

## मौलिक अधिकार

भारत के संविधान के **भाग तीन में अनु. 12 से 35 तक में मौलिक अधिकारों से संबंधित** प्रावधान है।

**मौलिक अधिकारों की** अवधारणा को **U.S.A से** अपनाया गया है। भारत की व्यवस्था में मौलिक अधिकारों के निम्नलिखित महत्व हैं ।

(1) मौलिक अधिकारों के माध्यम से राजनीतिक एवं प्रशासनिक लोकतंत्र की स्थापना होती है। अर्थात् कोई भी नागरिक प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में राजनीति में भागीदारी कर सकता है और प्रत्येक नागरिक अपनी योग्यता के आधार पर प्रशासन का हिस्सा बन सकता है।
(2) मौलिक अधिकारों के माध्यम से सरकार की तानाशाही अथवा व्यक्ति विशेष की इच्छा पर नियंत्रण स्थापित होता है।
(3) मौलिक अधिकारों के माध्यम से व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा स्थापित होती हैं ।
(4) मौलिक अधिकारों के माध्यम से विधी के शासन की स्थापना होती है।
(5) मौलिक अधिकारों के माध्यम से अल्पसंख्यक और दुर्बल वर्ग को सुरक्षा प्राप्त होती है।
(6) मौलिक अधिकारों के माध्यम से पंथनिरपेक्ष राज्य की अवधारणा को सुरक्षा प्राप्त होती हैं और इसको बढ़ावा मिलता है।
(7) मौलिक अधिकार सामाजिक समानता एवं सामाजिक न्याय यात्रा की स्थापना करते हैं।
(8) मौलिक अधिकारों के माध्यम से व्यक्ति की गरिमा एवं सम्मान की रक्षा होती है।
(9) मौलिक अधिकार सार्वजनिक हित एवं राष्ट्र की एकता को बढ़ावा देते हैं।

संविधान के भाग - 3 को 'भारत का मैग्नाकार्टा' की संज्ञा दी गयी है जो सर्वथा उचित है इसमें एक लंबी एवं विस्तृत सूची में 'न्यायोचित ' मूल अधिकारों का उल्लेख किया गया है।

- मूल अधिकारों का तात्पर्य राजनीतिक लोकतंत्र के आदर्शों की उन्नति से है, ये अधिकार देश में व्यवस्था बनाए रखने एवं राज्य के कठोर नियमों के खिलाफ नागरिकों की आजादी की सुरक्षा करते हैं,

ये विधानमंडल के कानून के क्रियान्वयन पर तानाशाही को मर्यादित करते हैं : संक्षेप में इनके प्रावधानों का उद्देश्य कानून की सरकार बनाना है न की व्यक्तियों की।

**मौलिक अधिकारों की विशेषताएँ**

(1) **मौलिक अधिकार न्यायालय में वाद योग्य हैं । अर्थात् मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर सुरक्षा के लिए न्यायालय में अपील की जा सकती है।**

(2) कुछ मौलिक अधिकार केवल नागरिकों से सम्बंधित है। जबकि कुछ मौलिक अधिकार व्यक्ति से संबंधित है।

(3) **मौलिक अधिकारों पर युक्तियुक्त प्रतिबन्ध लगाया गया है।**

(4) मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध प्रदान किए गये है। इसलिए ये राज्य के लिए नकारात्मक जबकि व्यक्ति के लिए सकारात्मक है।

(5) ये राज्य के प्राधिकार की कम करते हैं और व्यक्ति के सम्मान को बढ़ावा देते हैं।

(6) संसद को भी यह अधिकार नहीं कि वह मौलिक अधिकार से सम्बंधित मूल ढाचे में परिवर्तन कर सके । (नकारात्मक परिवर्तन)

(7) आपातकाल के समय अनु० 20 और 21 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों को छोड़कर अन्य मौलिक अधिकार निलंबित किए जा सकते हैं।

(8) मौलिक अधिकार शत्रु देश के नागरिक तथा अन्य देशों को प्राप्त नहीं हैं।

**राज्य की परिभाषा :-**

- मूल अधिकारों से संबंधित विभिन्न उपबंधों में 'राज्य ' शब्द का प्रयोग किया गया है। इस तरह अनु. 12 में भाग - 3 के उद्देश्य के तहत परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार राज्य में निम्नलिखित शामिल है :-

  (अ) कार्यकारी एवं विधायी अंगों को संघीय सरकार में क्रियान्वित करने वाली सरकार और भारत सरकार ।

  (ब) राज्य सरकार के विधायी अंगों को प्रभावी करने वाली सरकार और राज्य सरकार ।

  (स) सभी स्थानीय निकाय अर्थात नगरपालिकाएँ, पंचायत, जिला बोर्ड सुधार न्यास आदि।

  (द) अन्य सभी निकाय अर्थात वैधानिक या गैर - संवैधानिक प्राधिकरण जैसे - एलआईसी, ओएनजीसी, सेल, आदि।

- उच्चतम न्यायालय के अनुसार, कोई भी निजी इकाई या एजेंसी जो बतौर राज्य की संस्था काम कर रही हो, अनुच्छेद 12 के तहत 'राज्य' के अर्थ में आती है।

**प्रश्न. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए?**

**A. मूलअधिकारों एवं राज्य नीति के निदेशक तत्वों को यथासंभव प्रभावी बनाने के लिए साम्य संरचना का सिद्धांत अपनाया गया है।**

**B. 1980 के मिनर्वा मिल्स केस में उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 14 एवं 19 में उल्लेखित मूल अधिकारों पर अनुच्छेद 39(ख) एवं (ग) में उल्लेखित राज्य नीति के निदेशक तत्वों की वरीयता से संस्थापित की है**

**कूट -**

**a. केवल A सही है।**

**b. केवल B सही है।**

**c. (A) एवं (B) दोनों सत्य है।**

**d. (A) एवं (B) दोनों गलत है।**

**उत्तर – c**

**मूल अधिकारों से असंगत विधियाँ :-**

अनुच्छेद 13 घोषित करता है कि मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियाँ शून्य होंगी, दूसरे शब्दों में ये न्यायिक समीक्षा योग्य हैं, यह शक्ति उच्चतम न्यायालय (अनु. 32 ) और उच्च न्यायलयों ( अनु. 226 ) को प्राप्त है, जो किसी विधि को मूल अधिकारों का उल्लंघन होने के आधार पर गैर - संवैधानिक या अवैध घोषित कर सकते हैं ।

अनु. 13 के अनुसार 'विधि' शब्द को निम्नलिखित में शामिल कर व्यापक रूप दिया गया है :-

(अ) स्थायी विधियाँ, संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित।

(c) सार्वजनिक स्थल जैसे - दुकान, होटल, मनोरंजन के साधन आदि के उपभोग से रोकना।
(d) सार्वजनिक संस्थान जैसे - शिक्षण संस्थान, चिकित्सालय आदि में प्रवेश से वंचित करना।
(e) अनुसूचित जाति का जातिसूचक शब्द के माध्यम से अपमान करना।
(f) किसी व्यक्ति को कोई सेवा अथवा वस्तु देने से इंकार करना ।

- उपर्युक्त नियम राज्य एवं व्यक्ति दोनों से सम्बंधित हैं । अर्थात् न तो राज्य के द्वारा और ना ही व्यक्ति के द्वारा इनका उल्लंघन किया जायेगा ।
- उपर्युक्त कानून के संबंध में राज्य का यह कर्तव्य हैं कि वह लोगों को इस संबंध में सुरक्षा प्रदान करे।

**<u>उपाधियों का अंत (अनु. 18)-</u>**

संविधान के अनु. 18 में उपाधियों के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान है -

(a) राज्य सेवा एवं विद्या को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार की उपाधि प्रदान नही करेगा ।
(b) भारत का कोई नागरिक विदेशी राज्य से भी किसी प्रकार की उपाधि प्राप्त नही करेगा।
(c) यदि कोई विदेशी नागरिक राज्य के अधीन लाभ के पद पर कार्यरत हैं तो उसे विदेशी राज्य से उपाधि प्राप्त करने से पहले राष्ट्रपति से अनुमति लेनी होगी।
(d) राज्य के अधीन लाभ के पद पर कार्यरत कोई नागरिक किसी विदेशी राज्य से कोई उपहार अथवा उपलब्धी प्राप्त करता है तो राष्ट्रपति से अनुमति लेनी होगी।

❖ **1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि पद्म पुरस्कार उपाधि नही हैं, लेकिन इन्हें प्राप्त करने वाला व्यक्ति इनका प्रयोग अपने नाम में उपसर्ग अथवा प्रत्यय के रूप में नही कर सकता।**

**(2) <u>स्वतन्त्रता का अधिकार</u>**

अनु. 19 (1) में प्रावधान हैं कि राज्य अपने नागरिकों को निम्न स्वतंत्रताए प्रदान करता है -

**<u>वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता :- (अनु. 19(1) A)</u>**

इसके अन्तर्गत बोलने एवं किसी भी रूप में अपने विचारो को अभिव्यक्त करना शामिल हैं। जैसे -
(a) सरकार के कार्यों की प्रसंशा करना ।
(b) सरकार के कार्यो की आलोचना करना ।
(c) समाचार पत्र का प्रकाशन करना।
(d) दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि पत्रिकाएं निकालना।
(e) न्यूज चैनल चलाना।
(f) फिल्म का प्रसारण करना ।
(g) अपने उत्पाद का विज्ञापन करना ।
(h) किसी प्रकार के राजनीतिक बंद अथवा किसी संगठन द्वारा आयोजित बंद का विरोध करना ।
(i) सोशल मीडिया।

- लेकिन वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निरपेक्ष स्वतंत्रता नही हैं। इस पर आवश्यकता के अनुसार युक्ति युक्त प्रतिबन्ध लगाये जा सकते हैं।

जैसे-
(i) भारत की एकता एक संप्रभूता ।
(ii) राजा की सुरक्षा।
(iii) विदेशी राज्यों के साथ मित्रवत् संबंध ।
(iv) समाचार से संबंधित नियम।
(v) लोक व्यवस्था।
(vi) न्यायालय की अवमानना ।
(vii) किसी अपराध के लिए उकसाना।

**<u>शांतिपूर्ण सम्मेलन करने की स्वतंत्रता (अनु. 19(1)B)</u> :-**

- किसी भी नागरिक को बिना हथियार के शांतीपूर्ण तरीके से संगठित होने व सम्मेलन करने का अधिकार हैं।
- इसके तहत नागरिक सार्वजनिक स्थल पर इकट्ठा हो सकते हैं और बैठको में भाग ले सकते हैं।
- लेकिन किसी निजी स्थल पर सम्मेलन का अधिकार नहीं है।

लेकिन निम्न आधारों पर युक्ति युक्त प्रतिबंध लगाया जा सकता है।
(i) भारत की एकता व अखंडता।
(ii) लोक व्यवस्था।

- आपराधिक दंड संहिता की धारा 144 के तहत दंडाधिकारी लोगो को इकट्ठा होने से रोक सकता है। और पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

**संगम या संघ बनाने का अधिकार –**

नागरिको को यह अधिकार है कि वह किसी भी प्रकार का संघ अथवा सहकारी समिती बना सकता है।

इसमें राजनीतिक दल, कम्पनी, साझा क्लब, व्यापार संगठन आदि का निर्माण कर सकते है। और अपने उद्देश्यो को प्राप्त करने का प्रयास कर सकते है ।

लेकिन संघ बनाने के इस अधिकार पर भी निम्न आधारो पर युक्ति युक्त प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं –

(a) भारत की एकता व सम्प्रभुता ।

(b) लोक व्यवस्था ।

(c) सदाचार अथवा नैतिकता ।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि सरकार के अधीन कार्यरत श्रम संगठनों को हड़ताल करने एवं कार्य रोकने का अधिकार नही है। सरकार चाहे तो ऐसे मामलों को औद्योगिक कानून के तहत नियंत्रित कर सकती हैं। और कर्मचारी की सेवा भी समाप्त कर सकता है।

**भारत के किसी भी क्षेत्र में अबाध संचरण की स्वतंत्रता (अनु. 19(1)d) :-**

- इसके तहत नागरिक को अधिकार है कि वह भारत के किसी भी भू-भाग में अर्थात् एक राज्य से दूसरे राज्य में घूम सकता है। अथवा संचरण कर सकता हैं ।
- **यह अधिकार व्यावहारिक रूप में राष्ट्र की एकता व अखंडता को बढावा देता है ।**
- एक राज्य के निवासी को दुसरे राज्य में संचरण करने का अधिकार देने से नागरिकों के अन्दर भारतीयता की भावना उत्पन्न होती हैं ।

**इस अधिकार पर निम्न आधारो पर युक्ति युक्त प्रतिबंध लगाया जा सकता हैं –**

(i) अनुसूचित जनजाति की सुरक्षा एवं उनके सांस्कृतिक क्रियाकलापों को संरक्षण

(ii) लोक व्यवस्था - इसके संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि सार्वजनिक नैतिकता के आधार पर वैश्यावृति में लिप्त, व्यक्ति के संचरण पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

- इसी के संबंध में बम्बई उच्च न्यायालय का निर्णय हैं कि स्वास्थ्य के आधार पर एड्स से पीड़ित व्यक्ति के संचरण पर रोक लगाई जा सकती है।

**भारत के किसी भी क्षेत्र में निवास करने अथवा बसने की स्वतंत्रता:**

देश के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि वह देश के किसी भी भाग में स्थाई अथवा अस्थाई रूप से बस सकता हैं ।

वह मौलिक अधिकार देश के किसी भी क्षेत्र में बसने से सम्बंधित अवरोधों को समाप्त करता है लेकिन किसी विशेष समुदाय अथवा जनजातियो के संरक्षण अथवा कला संस्कृति के संरक्षण के आधार पर इसमें युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं ।

पेशेवर अपराधी एवं वैश्यावृति के मामलों में भी इस पर रोक लगाई जा सकती है।

**किसी भी प्रकार के व्यवसाय की स्वतंत्रता (अनु.19(1)G) –**

सभी नागरिकों को यह अधिकार है कि वे अपनी इच्छा एवं योग्यता के अनुसार किसी भी प्रकार का व्यवसाय अपना सकते हैं। लेकिन निम्नलिखित मामलो में इस पर युक्ति युक्त प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

(i) ऐसा व्यवसाय करना जो गैर क़ानूनी हो अथवा विधी के द्वारा अस्वीकृत हो ।

(ii) समुचित सरकार को यह अधिकार है कि किसी व्यवसाय विशेष के लिए न्यूनतम योग्यता का निर्धारिण किया जा सकता है।

(iii) किसी व्यापार अथवा व्यवसाय को सरकार पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र का घोषित कर स्वंय के लिए आरक्षित रख सकती हैं।

(iv) सरकार को यह भी अधिकार है कि किसी समूह अथवा उत्पादक वर्ग अथवा व्यवसायी वर्ग के अधिकारो की सुरक्षा हेतु निश्चित नियम बना सकती हैं।

**अनु. -20 - अपराधो के संबंध में अथवा दोष सिद्धि के संबंध में संरक्षण**

इसमें प्रावधान हैं कि –

(i) किसी व्यक्ति को तब तक किसी अपराध के संबंध में दोषी नही ठहराया जायेगा जब तक उसने किसी प्रचलित विधि का उल्लंघन नही किया हो ।

**(ii) किसी व्यक्ति को वही दण्ड दिया जायेगा जो अपराध करते समय लागू। अर्थात् बाद में बनाई गई विधी के अनुसार व्यक्ति को दण्डित नही किया जायेगा ।** लेकिन ये केवल आपराधिक

**संपत्ति के अधिकार की वर्तमान स्थिति :-**

- संविधान के भाग - 3 में उल्लेखित 7 मूल अधिकारों में से संपत्ति का अधिकार एक था, अनु. 19 (1) (च) एवं अनु. 31 में वर्णित था।
- अनुच्छेद 19 (1) (च) प्रत्येक नागरिक को संपत्ति को अधिग्रहण करने उसको रखने एवं निपटाने की गारंटी देता था, जबकि दूसरी तरफ अनुच्छेद 31 प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह नागरिक, हो या गैर - नागरिक को अपनी संपत्ति **वचन** करने के खिलाफ अधिकार प्रदान करता है।
- राज्य को किसी व्यक्ति की संपत्ति अधिग्रहण कर दो शर्तों के आधार पर शक्ति प्रदान करता है - (अ) इसे सार्वजनिक उद्देश्य के लिए किया जाना चाहिए। और - (ब) इसका हर्जाना उसके मालिक को दिया जाना चाहिए।
- 44 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा मूल - अधिकारों में से संपत्ति के अधिकार को भाग - 3 में अनुच्छेद 19 (1) (च) और अनु. 31 को निरसित किया गया। 'संपत्ति का अधिकार' **शीर्षक** के तहत भाग - 12 में नए अनु. 300 A को शुरू किया गया इसमें व्यवस्था दी गई कि कोई भी व्यक्ति कानून के बिना संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा इस तरह संपत्ति का अधिकार अब भी एक कानूनी या संवैधानिक अधिकार है यद्यपि यह कोई मूल अधिकार नहीं है यह संवैधानिक के मूल ढांचे का हिस्सा भी नहीं है।
- संपत्ति का अधिकार एक विधिक की तरह (जैसे कि मूल अधिकारों से अलग) निम्नलिखित तरीकों से लागू होता है -

  (अ) इसे बिना संविधान संशोधन के संसद के साधारण कानून के तहत नियमित कम या पुननिर्धारित किया जा सकता है।

  (ब) यह कर्मचारी क्रिया के खिलाफ निजी संपत्ति की रक्षा करता है लेकिन विधायी कार्य के खिलाफ नहीं।

  (स) उल्लंघन के मामले में पीड़ित व्यक्ति अनु. 32 के तहत सीधे उच्चतम न्यायालय नहीं जा सकता वह अनु. 226 के तहत उच्च न्यायालय जा सकता है।

  (द) राज्य द्वारा निजी संपत्ति के अधिग्रहण या अनुरोध के मामले में हर्जाने के अधिकार की कोई गारंटी नहीं है।

**मूल अधिकारों के महत्व :-**

निम्नलिखित मामलों में मूल अधिकार महत्वपूर्ण हैं-

1. ये देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करते हैं।
2. ये व्यक्ति की भौतिक एवं नैतिक सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।
3. ये वैयक्तिक स्वतंत्रता के रक्षक हैं।
4. वे देश में विधि के शासन की स्थापना करते हैं
5. ये अल्पसंख्यकों एवं समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।
6. वे भारतीय राज्य की धर्मनिरपेक्ष छवि को बल प्रदान करते हैं।
7. ये सरकार के शासन की पूर्णता पर नियंत्रण करते हैं।
8. ये सामाजिक समानता एवं सामाजिक न्याय की आधारशिला रखते हैं।
9. यह व्यक्तिगत सम्मान को बनाए रखते हैं।

**सारांश**

- इंडिया यानी भारत बजाय 'राज्यों के समूह' के 'राज्यों का संघ' होगा। यह व्यवस्था दो बातों को स्पष्ट करती है- एक देश का नाम, और दूसरी राज पद्धति का प्रकार।
- संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मूल अधिकारों का विवरण है।
- संविधान के भाग 3 को 'भारत का मैग्नाकार्टा' की संज्ञा दी गई है जो सर्वथा उचित है इसमें एक लंबी एवं विस्तृत सूची में 'न्यायोचित' मूल अधिकारों का उल्लेख किया गया है।
- संविधान द्वारा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति के लिए मूल अधिकारों के संबंध में गारंटी दी गई है। इनमें प्रत्येक व्यक्ति के लिए समानता, सम्मान, राष्ट्रहित और राष्ट्रीय एकता को सम्मानित किया गया है।

- मूल रूप से संविधान में सात मूल अधिकार प्रदान किए थे

(1) समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
(2) स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार ( अनुच्छेद 23- 24)
(4) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
(5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार ( अनुच्छेद 29-30)
(6) संपत्ति का अधिकार ( अनुच्छेद 31)
(7) संवैधानिक उपचारों का अधिकार ( अनुच्छेद 32 )

- संपत्ति के अधिकार को 44 वें संविधान अधिनियम, 1978 द्वारा मूल अधिकारों की सूची से हटा दिया गया है। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300 क के तहत् कानूनी अधिकार बना दिया गया है। इस तरह फिलहाल छः मूल अधिकार हैं।
- मूल अधिकारों से संबंधित विभिन्न उपबंधों में 'राज्य' शब्द का प्रयोग किया गया है। इस तरह से अनुच्छेद 12 में भाग-III के उद्देश्य के तहत् परिभाषित किया गया है।
- अनुच्छेद 13 घोषित करता है कि मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियां शून्य होंगी। दूसरे शब्दों में ये न्यायिक समीक्षा योग्य हैं । यह शक्ति उच्चतम न्यायालय (अनुच्छेद 32) और उच्च न्यायालयों (अनुच्छेद 226) को प्राप्त है। जो किसी विधि को और मूल अधिकारों का उल्लंघन होने के आधार पर गैर संवैधानिक या अवैध घोषित कर सकते हैं।
